सत्यमेव जयते

संख्या : — /जी0एस0(शिक्षा)/A15-09/2019

प्रेषक,

डा0 रंजीत कुमार सिन्हा,
कुलाधिपति के सचिव।

सेवा में,

कुलपति,
हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय,
देहरादून।

राज्यपाल/कुलाधिपति सचिवालय उत्तराखण्ड : **देहरादून : दिनांक :24 जून, 2022**

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्या–8125 दिनांक 13 फरवरी, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आपके द्वारा उत्तरांचल पी0जी0 कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल साईंसेज एण्ड हॉस्पिटल, देहरादून को बी0एससी0 (नर्सिंग) पाठ्यक्रम हेतु शैक्षिक सत्र 2019–20 की अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण प्रस्ताव संस्तुति सहित उपलब्ध कराया गया है।

2– शैक्षिक सत्र 2019–20 हेतु अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निरीक्षण मण्डल की आख्या एवं कुलपति की संस्तुति के आधार पर हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय अधिनियम–2014 की धारा–36(1) के अन्तर्गत संस्थान को निम्न तालिका के अनुसार उसके नाम के सम्मुख वर्णित पाठ्यक्रम, सीटों एवं अवधि की अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण प्रस्ताव पर मा0 कुलाधिपति द्वारा अनुमोदन/स्वीकृति निम्न उपबन्धों के साथ प्रदान की गई है :–

महाविद्यालय/संस्थान का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	प्रवेश क्षमता (कुलपति की संस्तुति के अनुसार)	अस्थायी सम्बद्धता की अवधि
1	2	3	4
उत्तरांचल पी0जी0 कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल साईंसेज एण्ड हॉस्पिटल, देहरादून।	बी0एससी0 (नर्सिंग)	40	2019–20

(1) निरीक्षण मण्डल की आख्या एवं कुलपति की संस्तुति के दृष्टिगत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद्, यू0जी0सी0 विनियमों व नियामक संस्था के मानक पूर्ण करने की दशा में सम्बद्धता सम्बन्धी आदेश निर्गत करने की कार्रवाई करें व कृत कार्रवाई की सूचना मा0 कुलाधिपति महोदय के अवगतार्थ उपलब्ध करायें।

(2) प्राभूति राशि के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्णित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराना विश्वविद्यालय का दायित्व होगा।

(3) शैक्षिक सत्र 2019–20 व्यतीत हो चुका है। इसके दृष्टिगत मा0 कुलाधिपति महोदय द्वारा छात्र हित में सत्र 2019–20 हेतु अस्थायी सम्बद्धता विस्तारण प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई है किन्तु इस स्वीकृति को नजीर न मानते हुए अग्रेत्तर सत्रों के सम्बद्धता प्रस्ताव मा0 कुलाधिपति की स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि संस्थान में उपलब्ध आधारभूत सुविधाएं U.G.C/नियामक संस्था एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण हैं अन्यथा की स्थिति में अपूर्ण प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

(4) अग्रेत्तर सत्रों के सम्बद्धता प्रस्ताव ससमय मानक पूर्ण होने की दशा में ही स्वीकार्य होंगे।

तदनुसार अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

भवदीय,

(डा0 रंजीत कुमार सिन्हा)
कुलाधिपति के सचिव।

संख्या :1146 (1)/जी0एस0 (शिक्षा)/A15-09/2019 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
2. प्राचार्य/प्रबन्धक, उत्तरांचल पी0जी0 कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल साईंसेज एण्ड हॉस्पिटल, देहरादून। ।
3. कम्प्यूटर प्रकोष्ठ/गार्ड फाइल हेतु।

आज्ञा से

(स्वाति एस0 भदौरिया)
कुलाधिपति के अपर सचिव।